Gopalganj छापेमारी मानपुर में नकली कॉस्मेटिक सामान बरामद

बिहार न्यूज़ डेस्क ब्रांड प्रोटेक्शन प्राइवेट लिमिटेड पटना की टीम और मुफस्सिल थाने की पुलिस ने देर शाम विष्णु विहार कॉलोनी में छापा मारा. इस कार्रवाई में अखिलेश कुमार के मकान से मात्रा में कई ब्रांड के लाखों रुपए का नकली सामान बरामद किया गया.

इसमें डिटॉल, हिमालय बेबी बॉस, केटोकिप शैंपू, नाइसिल पाउडर, नवरत्न तेल, प्रोटीन एक्स व सेरेलेक इत्यादि कंपनियों के नकली सम्मान शामिल है. जिसकी कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है.

ब्रांड प्रोटक्शन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर सैय्यद मुस्तफा हुसैन ने बताया कि टीम पिछले छह महीने से अखिलेश कुमार के मकान और गोदाम पर नजर रखी हुई थी. गया समेत जहानाबाद मखदुमपुर व टिकारी इत्यादि जैसे बड़े-बड़े मार्केट में बड़े पैमाने पर बड़े-बड़े ब्रांड के नकली प्रोडक्ट्स सप्लाई की जा रही थी. इस तरह 50 परसेंट लाभ पर बेचकर अखिलेश कुमार मोटी कमाई कर रहा था. जिसके बाद ब्रांड प्रोटेक्शन की टीम ने मुफस्सिल थाने को इसकी सूचना दी. जिसके बाद मुफस्सिल थाने की पुलिस टीम के साथ अखिलेश कुमार के मकान और गोदाम पर ब्रांड प्रोटेक्शन की टीम ने छापेमारी किया.

पिकअप व बाइक की सीधी टक्कर, युवक जख्मी

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गया नवादा रोड के सिकहर मोड़ के पास देर शाम पिकअप और बाइक में सीधी टक्कर हो गई. इस घटना में बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया. घायल का इलाज निजी क्लीनिक में चल रहा है. जख्मी युवक नौरंगा पंचायत की मस्तलिपुर गांव का रहनेवाला है.

आमस में मानवाधिकार संगठन की हुई बैठक

आमस थाने के निकट अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की बैठक शिवकुमार प्रसाद की अध्यक्षता में हुई. यहां संगठन का विस्तार और प्रखंड स्तरीय कमिटी गठन पर चर्चा की गई. शिवकुमार प्रसाद ने समाज के पिछड़े लोगों के उत्थान और उनके समस्याओं के निदान के लिए काम करने की अपील सदस्यों से की. बैठक में बलराम वर्मा, भोला दास, उपेंद्र दास, सुरेंद्र प्रसाद, केशवर यादव, नंदलाल, नीरज, विनय कुमार आदि रहे.

Source: https://samacharnama.com/city/gopalganj/gopalganj-raid-fake-cosmetic-items-recovered-in-manpur/cid14655831.htm